**CBSE Class–5 Hindi**

**NCERT Solutions**

**रिमझिम पाठ- 14. बाघ आया उस रात**

**बात-बात में**

**“वो इधर से निकला, उधर चला गया”**

**प्रश्न- (क)यह बात कौन किसे बता रहा होगा?**

**उत्तर-** यह बात बेटू छोटू को बता रहा होगा|

**(ख) तुम्हे यह उत्तर कविता की किन पंक्तियों से पता चला?**

**उत्तर-** हमें यह उत्तर कविता की निम्नलिखित पंक्तियों से पता चला

‘पाँच-साला बेटू ने हमें फिर से आगाह किया|’

**ख़बर तेंदुए की**

**प्रश्न- (क) कक्षा 2 की रिमझिम के अखबार में छपा समाचार दिया गया है| साथ में उस समाचार के आधार पर लिखिए कहानी भी दी गई है उसे एक बार फिर से पढ़ो|**

**उत्तर-** (क) छात्र कक्षा 2 की पुस्तक से कहानी पढ़ें|

**(ख) अब ‘बाघ आया उस रात’ कविता के आधार पर एक ‘समाचार’ लिखो|**

**उत्तर- हिमाचल प्रदेश:** कल रात हिमाचल प्रदेश के पपलाह गांव में एक बाघ आ गया| जिसे कारण गांव में अफरातफरी मच गई-| लेकिन बाघ जल्दी ही वहां से चला गया| वह बाघ इससे पहले भी गांव में नदी के पास अपनी बाघिन और बच्चों के साथ देखा गया था| बाघ के गांव में इस तरह आने से डर का माहौल बन गया है| लोग शाम हो ते  ही अपने घरों दरवाजे बंद कर लेते हैं|

**(ग) तेंदुए और बाघ में क्या अंतर है? पता करो| इस काम के लिए तुम बड़ों से बातचीत भी कर सकते हो|**

**उत्तर-** तेंदुए और बाघ का रंग कुछ अलग होता है| उनकी दौड़ने की गति में भी कुछ अंतर होता है| तेंदुआ कुछ छोटा होता है, जबकि बाघ उससे बड़ा होता है|

**उस रात**

**इस कविता में एक ऐसी रात की बात की गई है जिस रात को कुछ अनोखी घटना घटी थी|**

**प्रश्न- (क) उस रात को कौन सी अनूठी बात हुई थी?**

**उत्तर-** उस रात को गांव में बाघ आ गया था|

**(ख) तुम्हारे विचार से क्या  यह बात सचमुच अनूठी है? क्यों?**

**उत्तर-** हाँ, यह बात सचमुच में अनूठी है क्योंकि ये जानवर जंगल में रहते है और उनका गांव में आना अनूठी बात है|

**(ग) उस रात को और क्या क्या हुआ आपने दोस्तों से बातचीत करके लिखो|**

**उत्तर-** उस रात को बाघ आने से गांव में हडबड़ी मच गई होंगी| लोग बाग को भगाने के लिए इकट्ठा हो गए होंगे| साथ ही डर के मारे समूह बना कर घूम रहे होंगे| बच्चों को घरों के अंदर बंद कर दिया गया होगा|

---

**बाघ के काम**

**"बाघ कहीं काम नहीं करता, न किसी दफ्तर में, न कॉलेज में"**

**प्रश्न- बाघ दिन भर क्या-क्या करता होगा? कहाँ-कहाँ जाता होगा? अपने साथियों के साथ मिलकर जानकारी एकत्रित करो| फिर चर्चा करके उस पर एक चित्रात्मक पुस्तक तैयार करो| इसे तुम अपने पुस्तकालय में भी रख सकते हो|**

**उत्तर-** बाघ दिन भर जंगल में घूमता रहता होगा और शिकार करता होगा| वह जंगल के साथ-साथ पहाड़ों, झरनों तथा नदी पर जाता होगा| छात्र स्वयं चर्चा करके एक चित्रात्मक पुस्तक तयार करे|

---

**आँखें फैलाकर**

**वो इधर से निकला उधर से चला गया**

**वो आँखें फैलाकर बतला रहा था|**

**प्रश्न- नीचे आँख से जुड़े कुछ और मुहावरे दिए गए है, वाक्यों में इनका इस्तेमाल करो|**

**आँख लगाना, आँख दिखाना, आँख मूँदना, आँख बचाना, आँखें भर आना, सिर आँखों पर बैठाना**

**उत्तर- आँख लगना** –(नींद आना)- कहानी सुनते-सुनते विशाखा की आँख लग गई|

**आँख दिखाना** –(डराना)- मां ने बच्चे को गलती करने पर आँख दिखाई|

**आँख मूँदना** –(ध्यान न देना)- हमें गलत काम को देखकर आँखें नहीं मूँदनी चाहिए, बल्कि उन्हें रोकना चाहिए|

**आँख बचाना** –(चुपचाप निकलना)- उधार के रुपए लौटाने के डर से मनोज आँखें बचा कर निकल रहा था|

**आँखें भर आना** –(पीड़ा पहुंचना)- एक कबूतर को मरते देख मेरी आँखे भर आई

**सिर आँखों पर बैठाना** –(बहुत इज्जत देना) ट्वेंटी20- वर्ल्ड कप जीतने पर भारतीय टीम को लोगों ने सिर आंखों पर बिठा लिया|

---

**शब्दों की दुनिया**

**प्रश्न- (क) पाँच साला बिटू ने हमें फिर से आगाह किया| 'आगाह किया' का मतलब क्या हो सकता है?**

- **सचेत किया** ______
- **मनोरंजन किया** ______
- **बताया** _______
- **समझाया** _______

**उत्तर-** सचेत किया

**(ख) कविता में इनमें से कौन सा भाव झलकता है?**

**उ त्तर-** कविता में इनमें से सचेत करने का भाव झलकता है|

---

**(ग) किन किन पंक्तियों/शब्दों से यह भाव व्यक्त हो रहे हैं?**

***आश्चर्य, *डर *अविश्वास**

**उत्तर- आश्चर्य –** “वो इधर से निकला
उधर चला गया ऽऽ“

**डर** – “आप रात को बाहर निकलो!”

**अविश्वास –** “न किसी दफ्तर में
न कॉलेज में ऽऽ“

**(घ) जब हम कविता के जरिए कोई बात कहते हैं तो आमतौर पर शब्दों के कर्म को बदल देते हैं**

**• जैसे कविता का शीर्षक “ बाघ आया उस रात ” गद्य में “ उस रात बाघ आया ” होगा | ऐसा क्यों किया जाता होगा?**

**• इस किताब की दूसरी कविताएँ भी पढ़ो शब्दों के क्रम में आए बदलाव पर गौर करो | ऐसे ही कुछ वाक्यों की सूची बनाओ|**

**• क्या शब्दों के क्रम में बदलाव अखबार की खबरों में भी आता है ? पाठ्यपुस्तक की पृष्ठ संख्या - 116 पर बने कोलाज को देखो और बताओ |**

**उत्तर-** ऐसा कविता में लय-तुक तथा प्रवाह लाने के लिए किया जाता है|

**• अन्य कविताओं में शब्दों के क्रम में आए बदलाव-**

**(अ) सीटी भी है कई तरह की|**

**(आ) हैं छोटी-छोटी तलवार|**

**(इ) थोडा घबराते भी थे हम उससे|**

**(ई) गुरु एक थे और थे एक चेला|**

**(उ) टके सेर मिलती थी राबड़ी मलाई|**

**उत्तर-** हा, शब्दों के क्रम में बदलाव अखबार की ख़बरों में भी आता है| जैसे-

(अ) किस तरह के बच्चे होते है अच्छे|

(आ) अठारह घंटे की देरी से चल रही रेलगाड़ियाँ|

(इ) कोहरे के असर से मंद पड़ी ट्रेन व् बसें|

(ई) स्वीपर कर रहे डॉक्टर का काम|

(उ) इस बार कठिन होगा बच्चों को रिझाना|